तेरी कृपा ना होती अगर

श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे

तेरी कृपा ना होती अगर
कटता न ज़िन्दगी का सफर
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे

जबसे तुमने थामा रोशन है ज़िन्दगी
दुःख मिट गए हमारे छाई है अब ख़ुशी
तेरे बिना ओ मेरे श्याम सूना है ये आशियाँ
तू ही मेरा है सांवरे झूठी है ये दुनिया
मेरी हर घडी की रखता तू ही खबर
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे

आपकी दया से परिवार पल रहा
बिन मांगे ही कन्हैया सब कुछ ही मिल रहा
सेवा करूँ पूजा करूँ मन में यही आस है
रिश्ता मेरा तेरा ओ श्याम जग में बड़ा ख़ास है
अपने भक्तों की करता तू ही कदर
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे

दुःख में सुख में तुमको पाया है सामने
हर इक कदम निभाया मोहित को आपने
तेरे बिना ओ मेरे श्याम क्या है मेरी ज़िन्दगी
चाहूँ यही ओ मेरे श्याम बस तेरी ही बंदगी
रखना यूँ ही मुझपे रेहमत तू नज़र
श्याम ओ मेरे श्याम मेरे सांवरे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15892/title/teri-kirpa-na-hoti-agar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |